Amnesty Scheme for FERA violations

94. SHRI KAPIL VERMA: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether Government propose to introduce an amnesty scheme for violations under the Foreign exchange Regulations Act (FERA) similar to the voluntary disclosure scheme for direct and indirect taxes;

(b) if so, what are the details of the new scheme; and

(c) what are the hurdles coming in the way for an early announcement of the scheme?

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI (VISHWANATH PRATAP SINGH): (a) to (c) A proposal regarding the introduction of an amnesty Scheme for violations under the Foreign Exchange Regulations Act (FERA) is under examination.

दैनिक वेतन पर काम करने वाले कर्मचारी

95. **श्री सूरज प्रसाद** : क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विभिन्न मंत्रालयों एवं अधीनस्थ कार्यालयों में दैनिक वेतन पर काम करने वाले कर्मचारियों के वेतन में काफी समय से कोई वृद्धि नहीं की गई है जबकि मंहगाई काफी बढ़ गई है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार दिहाड़ी पर काम करने वाले कर्मचारियों के वेतनमान में वृद्धि करने का विचार रखती है ?

श्रम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी० ए० संगमा) : (क) और (ख) दिल्ली/नई दिल्ली में केन्द्रीय सरकार के विभिन्न कार्यालयों में दैनिक वेतन पर काम करने वाले कर्मचारियों की अकुशल श्रेणी की दैनिक मजदूरी में पिछली बार जून, 1984 में संशोधन किया गया था।

पर्यटन विभाग में राजभाषा का प्रयोग

96. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पर्यटन विभाग "क" और "ख" क्षेत्रों में स्थित अपने सभी होटलों में सारा कार्य अंग्रेजी में कर रहा है ; यदि हां, तो सरकार राजभाषा का प्रयोग, प्रचार और प्रसार किस प्रकार करने का विचार रखती है ; और

(ख) क्या मंत्रालय ने हिन्दी सलाहकार समिति और कार्यान्वयन समिति की बैठकों में यह आश्वासन दिया था कि वर्ष 1986-87 के वार्षिक राजभाषा कार्यक्रम को अवश्य पूरा किया जाएगा ; और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

पर्यटन मंत्री (श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद): (क) भारत पर्यटन विकास निगम अपने सभी होटल एककों में राजभाषा अधिनियम 1963 और राजभाषा नियम 1976 की अपेक्षाओं का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहा है ताकि इन एककों के दैनिक कामकाज में हिन्दी का संवर्धन हो सके।

(ख) राजभाषा विभाग द्वारा जारी वर्ष 1986-87 के वार्षिक कार्यक्रम के प्रावधानों को कार्यान्वित करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। वार्षिक कार्यक्रम के कार्यान्वयन की प्रगति पर विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की सभी बैठकों में चर्चा की जाती है। इस मद को हाल ही में गठित की गई हिन्दी सलाहकार समिति की निकट भविष्य में आयोजित की जाने वाली पहल बैठक की कार्य सूची में भी शामिल किया जाएगा।

Huge Arrears of Central Excise of Large Industrial Groups

97. SHRI SHANTI TYAGI: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that some large industrial groups have huge arrears of Central excise dues pending against